केशव सहकारी बैंक लिमिटेड

सूचना

मान्यवर सहकारी सदस्यगण,

आपको सूचित करते हुए हमें प्रसन्नता है कि **'केशव सहकारी बैंक लिमिटेड'** नई दिल्ली-110005 के सदस्यों की वार्षिक साधारण सभा निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।

तिथि : 22, सितम्बर, 2024, दिन : रविवार
समय : प्रात: 10.00 बजे
स्थान : सरस्वती बाल मंदिर स्कूल,
J-8 ब्लार्क, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027, (नजदीक टैगोर गार्डन मेट्रो स्टेशन)

सभा प्रात: 10.00 बजे प्रारम्भ होगी। बैठक की गणपूर्ति (वांछित सदस्य संख्या) पूरी होने का समय 30 मिनट अर्थात प्रात: 10.30 बजे तक होगी। किन्तु यदि गणपूर्ति पूरी नहीं होती है तो सभा प्रात: 10.30 बजे से 10.45 बजे (15 मिनट) तक के लिए स्थगित कर दी जायेगी। तदोपरांत प्रात: 10.45 बजे उसी दिन, उसी स्थान पर उसी कार्यक्रमानुसार होगी।

कार्यक्रम विवरण

1. दीप प्रज्ज्वलन एवं बैंक के आदरणीय दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजली।
2. निदेशक मण्डल के वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार एवं स्वीकृति प्रदान करना।
3. वर्ष 2023-24 के लेखा परीक्षण प्रतिवेदन (आडिट रिपोर्ट), तुलनपत्र व लाभ-हानि पर विचार एवं स्वीकृति प्रदान करना।
4. अन्य विषय अध्यक्ष जी की अनुमति से।

दिनांक : 22-08-2024

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
अनिल कुमार जैन
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

नोट :

1. यदि कोई सदस्य लेखा परीक्षा (ऑडिट रिपोर्ट) देखना चाहे, तो दिल्ली को ऑपरेटिव सोसाईटीज रुल्ज़ 2007 के अन्तर्गत देख सकता है
2. यदि कोई सदस्य अन्य विषय के अधीन अपना प्रस्ताव आम सभा में प्रस्तुत करना चाहे तो उसकी एक प्रति बैंक के कार्यालय में दिनांक 14.09.2024 तक भेज दें। इसके बाद कोई प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रस्तुत करने की अनुमति देना या न देना अध्यक्ष जी के विवेकाधीन होगा